# देवबंद में नकली शराब का जखीरा पकड़ा, एक गिरफ्तार

Publish Date:Sun, 26 Aug 2018 08:53 PM (IST)




**देवबंद (सहारनपुर) : आबकारी विभाग की टीम ने छापामारी कर सेंट्रो कार से भारी मात्रा में नकली देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया है। जबकि दो आरोपित भाग निकलने में सफल रहे।**

**शनिवार देर शाम जिला आबकारी अधिकारी के निर्देश पर टीम ने नगर के मंगलौर पुलिस चौकी क्षेत्र में छापामारी कर सेंट्रो कार में भरी नकली देशी शराब की 21 पेटियां बरामद कीं। आबकारी टीम ने मौके से गांव न्यामतपुर निवासी हरवीर नामक एक युवक को भी गिरफ्तार किया। जबकि उसके दो साथी भाग निकलने में कामयाब रहे। आबकारी निरीक्षक उपेंद्र ¨सह ने बताया कि सेंट्रो कार में रख कर लाई गई नकली देशी शराब की पेटियों को एक दुकान में भरने का प्रयास किया जा रहा था। बताया कि पेटी में रखे शराब के पव्वों पर नकली रैपर और नकली सुरक्षा कोड लगे मिले हैं, जिनके नमूनों की जांच कराई जा रही है। सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। फरार अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। छापामार टीम में उपेंद्र ¨सह के अलावा गिरीश चंद्र, हरीश चंद्र व आशीष ¨सह शामिल रहे।**

Posted By: **Jagran**

Source: [https://www.jagran.com/uttar-pradesh/saharanpur-fake-liquor-saharanpur-18356893.html](https://www.jagran.com/uttar-pradesh/saharanpur-fake-liquor-saharanpur-18356893.html)